**पाठ्यक्रम**

**पाठ्यक्रम का विषयः**

'महामारी में पत्रकारिताः कोविड-19 को वर्तमान और भविष्य में कवर करना'

**नाइट फाउंडेशन और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से यूनेस्को और डब्ल्यूएचओ की साझेदारी में, द नाइट सेंटर द्वारा आयोजित एमओओसी**

**पाठ्यक्रम की तारीखः 4-31 मई, 2020**

**प्रशिक्षकः** मेरीन मैकेना, एमएस

**लक्ष्य**

इस चार-सप्ताह के पाठ्यक्रम में, उपस्थित लोग कोविड-19 महामारी के हाल के इतिहास की समीक्षा करेंगे, पिछली चेतावनियों की जाँच करेंगे जो इसकी रोकथाम कर सकती हैं या कम कर सकती हैं, इस विषय पर हुई सर्वश्रेष्ठ पत्रकारिता की समीक्षा करेंगे, कोविड-19 की कवरेज प्रारंभ करने या उसे जारी रखने की महत्वपूर्ण बातों के बारे में अकादमिक अनुसंधान और विश्व स्वास्थ्य संगठन के वैज्ञानिक विशेषज्ञों के विचार जानेंगे, और महामारी पर उनके द्वारा लिखे गए लेख के बारे में उनसे टिप्स और सुझाव जानेंगे, जो भी उनके अनुभव या नाकामी रही हो। यह पाठ्यक्रम पत्रकारों को कोविड-19 से जुड़े दुष्प्रचार, झूठी खबरों और मिथकों से बचने के तरीके प्रदान करेगा।

**यह पाठ्यक्रम किनके लिए है?**

इस समय पूरी दुनिया में कोविड-19 महामारी की ही बात हो रही है; समाचार कक्ष में पल-पल इसकी खबरें आ रही हैं। इसलिए यह पाठ्यक्रम उन पत्रकारों के लिए फायदेमंद है जो विज्ञान और चिकित्सा के पत्रकार हैं और जिन्हें संक्रामक रोगों से लेकर सामान्य रोगों को कवर करने का व्यापक अनुभव है, और जिनके लिए रोग की निगरानी करना, नैदानिक परीक्षण और वैक्सीन बनाने के विनियमों की जटिलताओं को समझना एक नया क्षेत्र है।

**उद्देश्य**

इस पाठ्यक्रम के पूरा होने पर, इसमें शामिल लोग इन बातों को समझने में सक्षम हो जाएंगेः

- वर्तमान में कोविड-19 महामारी के इतिहास को समझने के लिए कई स्रोतों से जानकारी का समन्वय कर सकेंगे;
- नए वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए किए गए प्रतिस्पर्धी दावों का मूल्यांकन कर सकेंगे और महामारी के पाठ्यक्रम के लिए इसकी उपयोगिता का विश्लेषण कर सकेंगे;
- कोविड-19 महामारी की मुख्य बातों को अपने विशिष्ट विषयों और रुचियों, चाहे वे चिकित्सा, राजनीतिक, सामाजिक या वित्तीय हों, से जोड़ सकेंगे;
- कोविड-19 से जुड़ी झूठी खबरों और दुष्प्रचार के खतरों के साथ-साथ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खतरों और पत्रकारों की सुरक्षा को समझ सकेंगे;
- इसके बाद से अपने समाचार कक्ष और राजनीतिक प्रणाली के स्थानीय संदर्भ में कोविड-19 को कवर करने के लिए योजना की रूपरेखा बना सकेंगे;
- सूक्ष्म दृष्टिकोण और व्यावहारिक अनुभव साझा करने के लिए कोविड-19 को कवर करने वाले पत्रकारों के विश्वव्यापी समुदाय में भाग लेंगे।

**अपेक्षित उपकरण/ इस्तेमाल**

इस पाठ्यक्रम के लिए आपको केवल इंटरनेट कनेक्शन और वेब ब्राउजर की आवश्यकता होती है।

**पाठ्यक्रम कैसे काम करता है**

सबसे पहले यह नोट कर लें कि यह पूर्व में रिकार्ड किए गए वीडियो पाठ का एक ऑनलाइन पाठ्यक्रम है। इसका मतलब है कि इसमें किसी विशिष्ट समय पर घटनाओं का सीध प्रसारण नहीं होगा। आप पाठ्यक्रम और संपूर्ण गतिविधियों के लिए अपनी सुविधानुसार पूरे सप्ताह में जब चाहें किसी भी दिन और समय पर लॉग-इन कर सकते हैं।

पूर्व में रिकार्ड किए गए वीडियो पाठ के बावजूद, पाठ्यक्रम की अवधि के लिए अभी भी काफी गुंजाइश है।

सामग्री को चार सप्ताह के मॉड्यूल में बांटा गया है। प्रत्येक मॉड्यूल को मेरीन मैकेना द्वारा स्पेनिश, पुर्तगाली और फ्रेंच बोलने वाले अतिथि वक्ताओं और सहायक प्रशिक्षकों की सहायता से पढ़ाया जाएगा, और इसमें वीडियो, प्रस्तुतियों, पठन-पाठन और चर्चा मंचों के माध्यम से अलग-अलग विषयों को कवर किया जाएगा। पाठ्यक्रम

सामग्री के माध्यम से आपने कितना सीखा है, यह जानने के लिए प्रत्येक सप्ताह प्रश्न पूछे जाएंगे। सप्ताह के अंत में पूछे गए प्रश्न, और चर्चा मंचों में आपकी साप्ताहिक भागीदारी वे बुनियादी आवश्यकताएं हैं जिनके आधार पर पाठ्यक्रम के अंत में भागीदारी प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

यह पाठ्यक्रम बहुत लचीला है, यदि आप पाठ में पिछड़ रहे हैं, तो आपके पास उसे पूरा करने के लिए पाठ्यक्रम की पूरी अवधि मौजूद है। हम आपको प्रत्येक सप्ताह के समाप्त होने से पहले निम्नलिखित में से प्रत्येक को पूरा करने की सलाह देते हैं ताकि आप पिछड़ न जाएं:

- वीडियो व्याख्यान
- पढ़ना और लिखित वक्तव्य/ अभ्यास
- चर्चा मंचों में भागीदारी
- वीडियो व्याख्यान और/या पाठ की अवधारणा के आधार पर प्रश्नोत्तरी

**पाठ्यक्रम को चार सप्ताह के मॉड्यूल में बांटा गया हैः**

**परिचय मॉड्यूलः**

यह मॉड्यूल पाठ्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान करेगा, जिसमें पाठ्यक्रम, एक प्रोमो वीडियो और एक स्वागत वीडियो शामिल है, जिसमें बताया गया है कि छात्र सप्ताह दर सप्ताह क्या सीखेंगे।

**मॉड्यूल 1 - कोविड-19 कहां से आया?**

यह मॉड्यूल 20वीं शताब्दी में महामारी और आपदाओं के पिछले इतिहास को कवर करेगा, यह बताएगा कि दुनिया ने इन्फ्लूएंजा, चेचक, पोलियो और एचआईवी का किस तरह से सामना किया, और पूछेगा कि क्या सरकारों ने भविष्य में महामारियों से निपटने के लिए बनाई गई योजनाओं को लागू किया है, और क्या नहीं किया है।

**मॉड्यूल 2 - वर्तमान में कोविड-19 को कवर करना**

यह मॉड्यूल 2020 में महामारी के पहले चार महीनों का खुलासा करेगा, स्वास्थ्य देखभाल समस्याओं का निदान करेगा, अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं और सामाजिक दूरी बनाए रखने और मास्क पहनने पर चर्चा करेगा, जिसमें इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया है कि दुनिया में किस तरह सरकारों ने विभिन्न स्तरों पर उपलब्ध संसाधनों

के साथ इससे निपटा है। इसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करने के महत्व और महामारी के बारे में झूठी खबरों और दुष्प्रचार का पता लगाने और उससे निपटने के बारे में भी बताया जाएगा।

**मॉड्यूल 3 - उपचार और टीके के लिए उम्मीद**

यह मॉड्यूल उपचार या कोविड-19 के लिए चल रही प्रतिस्पर्ध के दावों की जांच करेगा, जिसमें दवाओं के साथ-साथ अब बाजार में परीक्षण करने वाले लोग भी शामिल होंगे। यह टीका और एंटीबॉडी परीक्षण प्राप्त करने की समय-सीमा के बारे में बताएगा जो प्रतिरक्षा साबित करने के लिए जरूरी है। यह कुछ प्रस्तावित उपचारों के समर्थन और उनकी नाकामी का जोर-शोर से प्रचार-प्रसार करने और मीडिया द्वारा पक्षपात किए जाने की भूमिका की भी जांच करेगा।

**मॉड्यूल 4 - कोरोनावायरसः भावी मार्ग**

कोविड-19 के बारे में कटु सत्य यह है कि इसने समाज चाहे छोटा हो या बड़ा, दोनों के तौर-तरीकों को हमेशा के लिए बदल दिया है, चाहे यह हाथ मिलाने के बारे में हो या हम परिवार की जीवन स्थितियों को व्यवस्थित करने, शिक्षा प्राप्त करने और भोजन को वितरित करने के बारे में हो। यह मॉड्यूल वर्तमान समय से लेकर सप्ताह, महीनों और दो वर्षों में हुई सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं पर विचार करेगा। यह आपातकाल जारी रहने पर पत्रकारों को अपनी खुद की देखभाल करने के महत्वपूर्ण मुद्दे के बारे में भी बताएगा।